6.4.1 Minutes of the Meeting of the Gram Panchayat shall be signed and dated by the presiding authority of that meeting or the next Meeting.

6.4.2 The person signing shall initial each page of the Minutes and sign the last page.

6.4.3 The date and place of signing the Minutes shall also be mentioned at the last page of the Minutes.

6.4.4 Minutes once entered in the Minutes Book, shall not be altered. Any alteration in the Minutes as entered shall be made only by way of approval of the Gram Panchayat at its subsequent meeting and shall be recorded in the Minutes of that meeting.

6.5 Inspection of Minutes

The Minutes of the Meeting of the Gram Panchayat and its Standing Committees shall be open for inspection by any person, at the office of the Gram Panchayat and a certified copy of the Minutes or an extract thereof may be issued to any person on his request, in accordance with the applicable laws.

6.6 Preservation of Minutes

6.6.1 Minutes Book shall be kept in the custody of the Secretary or a person authorised by the Government for this purpose.

6.6.2 Minutes of all Meetings shall be preserved permanently in physical or electronic form.

6.6.3 The Minutes Book shall be kept at the office of the Gram Panchayat.

7. MAINTENANCE OF RECORDS

All the documents and records relating to the meetings of Gram Panchayats shall be maintained in the official/local language of the State.

8. FUNCTIONS OF THE SECRETARY

The Secretary of a Gram Panchayat is expected to perform the following functions:

- Take necessary steps to execute and implement the decisions taken by the Panchayat at its meetings.
- Communicate the decisions concerning persons of respective Panchayat area to them.
- Convene Meetings of the Gram Panchayat and its Committees.
- Attend every Meeting of the Gram Panchayat and its Standing Committees including the Gram Sabha Meetings.
- Write the proceedings of every Meeting in the Minutes Book either in physical or electronic form.
- Place all the correspondence received by him, especially various schemes of the Government and instructions issued by the Government, before the Sarpanch and also for the information of all the Members during the meeting.
- Receive all correspondence on behalf of the Gram Panchayat and take appropriate action on the same.
- Finalise, in consultation with the Sarpanch or in his absence the Up-Sarpanch, the Agenda and Notes on Agenda of every meeting.
- Maintain all the registers and records prescribed under the applicable laws.
- Report to the Block Development Officer any vacancy in the office of the Sarpanch/Up-Sarpanch or a Member.

- Be responsible for the safe custody of Panchayat funds, assets and the records maintained by the Gram Panchayat.
- Report to the Block Development Officer about any suspected illegal act or misconduct or misuse or abuse of powers, any infringement of the legal provisions by the Sarpanch or Up-Sarpanch or the members of the Gram Panchayat, as soon as the same come to his knowledge.
- Comply with the instructions issued by the Government from time to time.
- Maintain cordial relations with the elected representatives of the Gram Panchayat.

***

Annexure-A

Notice for ____Meeting of Gram Panchayat

(Name of Panchayat & Block/ District))

Date:

To

Name & Address of the Member

Madam/Sir,

This is to inform you that the ..... Meeting of ..... (name of Gram Panchayat) is scheduled to be held on ..... (Day & Date) from ..... (time) onwards at ..... (place) to discuss and transact the following matters:

(i) .....

(ii) .....

(iii) .....

(iv) .....

The detailed Agenda and Notes on Agenda are enclosed.

You are requested to kindly make it convenient to attend the meeting.

Yours faithfully

(*Signature*)

(Name of Secretary/ Authorised Officer)

Annexure-B

Standard List of Agenda Item

The following items shall invariably be included in the Agenda of Meetings:

- To grant Leave of Absence
- To take note of the Minutes of the previous Meeting
- Follow up and Action Taken Report (ATR) on the decisions of the Previous Meetings
- To take note of the Minutes of the Meetings of Standing Committee(s)
- Approval/Concurrent review of Gram Panchayat Budget and Annual Plan implementation/utilisation
- Statement of Income and Expenditure and the reasons for fluctuations in the financial statements, if any
- Approval of new Works and Schemes
- Review of utilisation of funds under various schemes
- Review of physical progress of construction work, other projects and activities
- Review of Village Sanitation, Street Lighting, Rural Roads, Drinking Water, Anganwadi, Fair Price Shops, Maintenance of School Buildings; Health Centre, etc.
- Any other matter

Annexure-C

Attendance Register of Members

(Name of the Gram Panchayat) (Block) (District)

No. & Date of the Meeting:

Place:

Time:

Type of meeting (Ordinary/Special/Urgent)

Sl. No.	*Name of Member Present*	*Ward No.*	*Sign/ Thumb Impression*	*In Time*	*Out Time*	*Attested by Secretary/ Sarpanch (in case of Thumb impression)*
(*a*)	(*b*)	(*c*)	(*d*)	(*e*)	(*f*)	(*g*)
1)						
2)						
3)						
4)						
5)						
6)						
7)						
8)						
9)						
10)						
11)						
12)						

Annexure-D

Minutes Book of Gram Panchayat Meeting

(Name of the Gram Panchayat) (Block) (District)

No. & Date of the Meeting:

Place:

Time:

Type of meeting (General/Emergency/Specially convened)

Members Present

Sl. No.	*Name*	*Designation*	*Representing Ward*
(i)			
(ii)			
(iii)			
(iv)			
(v)			
(vi)			

Minutes/Record of Proceedings:

Item No. 1

.....

.....

.....

Issue discussed:

Decision:

Item No. 2

.....

.....

.....

Issue discussed:

Decision:

Item No. 3

.....

.....

.....

Issue discussed:

Decision:

Item No. 4

.....

.....

.....

Issue discussed:

Decision:

Meeting concluded at_00:00_ with a Vote of Thanks to the Chair.

Date: .../.../..... (*Signature*)

Place : ..... (Name of Sarpanch/Presiding Authority)

ग्राम पंचायतों की बैठक के लिए आदर्श अभिशासन संहिता

(मॉडल गवर्नेंस कोड फॉर मीटिंग्स ऑफ ग्राम पंचायत्स)

ग्राम पंचायतों की बैठक के लिए आदर्श अभिशासन संहिता का ब्योरा निम्नलिखित हैः

परिचयः

यह संहिता ग्राम पंचायतों की बैठक के आयोजन और संचालन और उसके बारे में संबंधित मामलों के लिए सिद्धांतों को निर्धारित करने का प्रयास करता है।

ग्राम पंचायतों की बैठकों के लिए इस संहिता में जो सिद्धांत दिए जा रहे हैं वे स्थायी समिति की बैठकों पर भी समान रूप से लागू होते हैं। केवल उसी स्थिति में कुछ अंतर हो सकता है यदि कोई अन्य लागू कानून, दिशानिर्देश या अन्य नियमों एवं नियमन वहां प्रभावी हो रहे हों।

कोई ग्राम पंचायत अपने आप संचालित नहीं हो सकती, अपितु अपने निर्वाचित सदस्यों अर्थात् पंचों और सरपंच के माध्यम से संचालित हो सकती है। ग्राम पंचायत के प्रति पंचों और सरपंच की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और वे ही ग्राम पंचायत की संपत्ति–परिसंपत्तियों के संरक्षक होते हैं। गांव की जनता के प्रति उनके दायित्व होते हैं और इन दायित्वों की पूर्ति के लिए उन्हें अपनी शक्तियों और अधिकारों का सावधानी, कुशलतापूर्वक एवं कर्मठता के साथ निर्वहन करना चाहिए। पंच और सरपंच ग्राम

पंचायत की वैध रूप से आयोजित हुई बैठक में सहमति के साथ लिए गए फैसलों से ही अपनी सभी शक्तियों–अधिकारों का उपयोग कर सकते हैं।

प्रत्येक राज्य के कानून में ग्राम पंचायतों की बैठकों के अभिशासन के संदर्भ में आधारभूत सिद्धांतों का उल्लेख है। यह प्रारूप संहिता उन कानूनों को और स्पष्ट रूप से व्याख्या कर इन सिद्धांतों के अनुपालन को सुगम बनाती है, ताकि अलग–अलग रूप में चलन में लाए जा रहे तरीकों के कारण जो अस्पष्टता है, उसे दूर कर एक मानक रूप प्रदान कर उनमें एकरूपता सुनिश्चित की जा सके।

यह आदर्श संहिता किसी मौजूदा कानून को खारिज या उसे प्रतिस्थापित नहीं करती। यह तो उन कानूनों की पूरक ही है जिनसे ग्राम पंचायतों के संचालन में सुशासन को प्रोत्साहन मिले।

विभिन्न राज्य सरकारों के कानूनों के तहत संचालित हो रही ग्राम पंचायतें अपनी बैठकों के लिए इस आदर्श अभिशासन संहिता के प्रावधानों को अपनाने के लिए स्वतंत्र हैं। यदि इस संहिता का कोई भी प्रावधान लागू कानूनों के अनुरूप असंगत पाया जाता है तो उन लागू कानूनों के प्रावधान ही मान्य होंगे।

परिभाषाएं

अन्यथा किसी और संदर्भ की जरुरत न हो तो इस संहिता में–

"क्लियर डेज" से आशय उन दिनों से है जो नोटिस जारी किए जाने वाले दिन से और बैठक वाले दिन के मध्य हैं और इसमें रविवार और अन्य अवकाश शामिल हैं।

"सक्षम प्राधिकरण" का अर्थ राज्य सरकार की ऐसी संस्था या ऐसे अधिकारी से है, जिसे राज्य सरकार अपनी अधिसूचना में उल्लिखित शक्तियों और अधिकारों से युक्त ग्राम पंचायतों के संदर्भ में इन शक्तियों और अधिकारों के निर्वहन के लिए नियुक्त करे।

"सरकार" या "राज्य सरकार" से तात्पर्य संबंधित राज्य की सरकार से है।

"ग्राम पंचायत" का अर्थ राज्य में पंचायत कानूनों के तहत ग्राम स्तर पर स्थानीय स्व–शासन के लिए गठित निकाय से है।

"इच्छुक सदस्य" का अर्थ ग्राम पंचायत की बैठक में संज्ञान में आए किसी मामले पर किसी सदस्य के प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से निजी या वित्तीय रुचि से है।

"सदस्य" का अर्थ ग्राम पंचायत के सदस्य से है जिसमें सरपंच भी शामिल है।

"मिनिट्स" का अर्थ बैठक की कार्यवाही के लिखित या इलेक्ट्रॉनिक रूप से दर्ज दस्तावेजों से है।

"पंच" का आशय सरपंच से अलग पंचायत के अन्य सदस्य से है।

"निर्धारित" का आशय संबंधित राज्य द्वारा निर्धारित कानून या नियमों से है।

"सरपंच" का अर्थ ग्राम पंचायत के अध्यक्ष या प्रधान से है, जिसका चुनाव पंचायत के क्षेत्र में शामिल गांव या गांवों के समूह की मतदाता सूची में पंजीकृत व्यक्तियों द्वारा होता है।

"सचिव" का अर्थ राज्य सरकार या राज्य सरकार की प्राधिकृत संस्था द्वारा पंचायत के लिए ऐसे पद के साथ नियुक्त व्यक्ति के संदर्भ में है।

"स्थायी समिति" का आशय पंचायत द्वारा गठित स्थायी समिति से है।

"विशेष बैठक" का अर्थ सामान्य बैठक से अलग बैठक है जिसका आह्वान सरपंच द्वारा स्वतः संज्ञान या सदस्यों के विशेष अनुरोध पर किया जाता है जिसमें तत्काल कार्रवाई से लेकर किसी विशेष मुद्दे से जुड़ा मसला भी हो सकता है।

"उप–सरपंच" का अर्थ ग्राम पंचायत के उपाध्यक्ष या उप–प्रधान से होता है, जिसका चुनाव पंचायत के क्षेत्र में शामिल गांव या गांवों के समूह की मतदाता सूची में पंजीकृत व्यक्तियों द्वारा होता है।

यहां जो भी शब्द और भाव व्यक्त किए गए हैं और उनको परिभाषित नहीं किया गया है उनका अर्थ उन संबंधित राज्यों के कानून के तहत ही माना जाएगा, जिनके तहत उन संबंधित ग्राम पंचायतों का गठन हुआ है।

1. बैठक का आयोजन

1.1 अधिकार (अथॉरिटी)

1.1.1 सरपंच या सरपंच की अनुपस्थिति में उप–सरपंच के निर्देश पर सचिव ग्राम पंचायत की बैठक का आयोजन करेगा।

1.1.2 अगर कोई बैठक वैधानिक रूप से एक नियत समय अवधि में आयोजित करने की जरूरत हो तो सचिव सरपंच के साथ परामर्श कर ऐसी बैठक का आयोजन करेगा।

1.1.3 एक निश्चित संख्या में सदस्यों के अनुरोध पर बैठक बुलाने के लिए सचिव सरपंच के साथ परामर्श करेगा।

1.1.4 सरपंच, जब भी उपयुक्त समझें, एवं सदस्यों की निर्धारित संख्या के लिखित अनुरोध पर, और ऐसे अनुरोध की प्राप्ति की तारीख से निर्धारित अवधि के भीतर एक विशेष बैठक बुलाने के लिए और बैठक के आयोजन के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए सचिव को निर्देश देगा।

1.1.5 यदि सरपंच विशेष बैठक बुलाने में विफल हो जाए तो फिर उप–सरपंच या उसकी अनुपस्थिति में सक्षम

प्राधिकारी ऐसी बैठक बुला सकते हैं और सदस्यों को नोटिस देने और बैठक आयोजित करने के लिए जरूरी कदम उठाने के लिए सचिव को निर्देश दे सकते है।

1.2 समय, स्थान और बैठक की क्रम संख्या

1.2.1 सुबह 7 बजे से शाम 8 बजे के बीच किसी भी दिन बैठक आयोजित की जा सकती है। इसके लिए पंचायत की सीमा में ही या ग्राम पंचायत या सरकार द्वारा स्वीकृत किसी अन्य स्थान का चयन किया जा सकता है।

1.2.2 संदर्भ की सुविधा के लिए ग्राम पंचायत की प्रत्येक बैठक का क्रमांक होगा।

1.2.3 मूल बैठक और किसी कारणों से स्थगित बैठक की क्रम संख्या समान होनी चाहिए। जिस तरीके से बैठक क्रमांकित हो सकती हैं, यह नीचे दिया गया है:

[*उदाहरण:* यदि मूल बैठक की क्रम संख्या 6 है, तब स्थगित बैठक की क्रम संख्या भी छठी बैठक (स्थगित) के रूप में दर्ज होनी चाहिए।]

यदि वर्तमान में पंचायत बैठकों के लिए क्रम संख्या व्यवस्था को नहीं अपना रही है, तो वह इस मॉडल कोड को अपनाने की तारीख से अपनी बैठकों की क्रम संख्या शुरू कर सकती हैं।

1.3 नोटिस

1.3.1 ग्राम पंचायत की बैठक का नोटिस कम से कम पांच दिन (क्लियर डेज) पहले जारी हो जाना चाहिए।

1.3.2 अगर बहुमत के साथ सदस्य कोई विशेष बैठक का निर्णय करते हैं तो नोटिस की अवधि कम हो सकती है, लेकिन फिर भी बैठक से कम से कम 24 घंटे पहले नोटिस जारी हो जाना चाहिए।

हालांकि किसी आपात मुद्दे पर विचार के लिए किसी भी समय बैठक 24 घंटे के नोटिस से भी कम समय में आयोजित हो सकती है।

1.3.3 जब ग्राम पंचायत की बैठकें पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार होती हैं तो ये बैठकें बिना किसी औपचारिक नोटिस के भी हो सकती हैं, बशर्ते कानूनन यह अनिवार्य न हो कि प्रत्येक बैठक के लिए अलग से नोटिस जारी करना जरूरी है।

1.3.4 नोटिस में क्रम संख्या, दिनांक, दिन, समय और बैठक के स्थान का पूर्ण रूप से उल्लेख होना चाहिए।

1.3.5 ग्राम पंचायत की बैठक के लिए नोटिस सचिव या सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा और उनकी अनुपस्थिति में पंचायत द्वारा अधिकृत सरपंच या किसी अन्य सदस्य द्वारा जारी किया जाएगा।

1.3.6 नोटिस जारी करने वाले प्राधिकारी का पदनाम और संपर्क विवरण नोटिस में वर्णित होना चाहिए।

1.3.7 प्रत्येक बैठक की लिखित सूचना नोटिस के द्वारा (सिर्फ उन परिस्थितियों को छोड़कर जिनका उल्लेख 1.3.3 में किया गया है) हर एक सदस्य को और सरकार द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को देनी होगी।

यह काम व्यक्तिगत संदेशवाहक या डाक या ई–मेल के द्वारा संपादित करना होगा।

1.3.8 अगर ग्राम पंचायत की किसी बैठक में पटवारी, तहसील स्तर के राज्य सरकार के किसी पदाधिकारी या पंचायती राज संस्था से जुड़े अधिकारी की उपस्थिति जरूरी है तो उन्हें इस आशय की सूचना से संबंधित नोटिस भेजना होगा। साथ ही नोटिस सरकार द्वारा निर्धारित अधिकारियों को भी भेजना होगा।

1.3.9 सूचनाओं को समय से और प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए बैठक के नोटिस को एसएमएस या पंचायत द्वारा प्रयुक्त सॉफ्टवेयर के जरिये भेजा जा सकता है और उसके बाद ऊपर उल्लिखित प्रक्रिया के द्वारा उन्हें उसकी प्रति भेजी जा सकती है।

1.3.10 ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर भी बैठक का नोटिस लगाया जाएगा। पूर्व निर्धारित तारीख की स्थिति में सामान्य नोटिस दिन, मध्यावकाश, समय और स्थान की पूरी जानकारी दर्शाते हुए ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर भी लगाया जाएगा।

1.3.11 नोटिस ग्राम पंचायत के लेटर हैड पर भेजना होगा। यदि ग्राम पंचायत के पास लेटर हेड नहीं है तो यह नोटिस जारी करने वाले व्यक्ति के लेटर हेड से जारी किया जा सकता है।

1.3.12 नोटिस सदस्य के पंजीकृत पते या इसके निमित्त सदस्य द्वारा दिए गए किसी अन्य पते पर भेजना होगा।

1.3.13 ग्राम पंचायत को नोटिस भेजने और उसके सुपुर्दगी होने के प्रमाण सहेजकर रखने होंगे।

1.3.14 यदि नोटिस निजी तौर पर अपने हाथों से ही दिया गया है तो प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर इसके लिए बने रजिस्टर में दर्ज करने होंगे और इसे सुपुर्दगी के प्रमाण के तौर पर संरक्षित करके रखना होगा।

1.3.15 अगर नोटिस ई–मेल के जरिये भेजा गया है तो सॉफ्ट कॉपी के रूप में उसका प्रमाण सुरक्षित रखा जाएगा।

1.3.16 बैठक के लिए भेजे गए नोटिस और उसकी सुपुर्दगी से जुड़े प्रमाण सहेजने की अवधि ग्राम पंचायत द्वारा तय की जा सकती है जो बैठक की तारीख से पांच वर्ष से कम नहीं होगी।

(नोटिस का प्रारूप अनुलग्नक–ए में दिया गया है)

1.4 स्थगित बैठक का नोटिस

1.4.1 स्थगित बैठक का नोटिस सभी सदस्यों को भेजा जाएगा। इनमें वे सदस्य भी शामिल होंगे, जिन्होंने मूल बैठक में भाग नहीं लिया था।

1.4.2 यदि स्थगित बैठक में ही अगली बैठक की तारीख तय कर ली गई हो, जहां सभी सदस्य मौजूद हों तो उसी बैठक में नोटिस तत्काल दे दिया जाएगा।

1.4.3 प्रत्येक स्थगित बैठक का नोटिस भी ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर लगा होना चाहिए।

1.5 बैठक की कार्यसूची (एजेंडा)

1.5.1 सचिव सरपंच के परामर्श से प्रत्येक बैठक की

कार्य–सूची को अंतिम रूप देने के साथ ही प्रत्येक बैठक की कार्य–सूची के अनुसार विस्तृत नोट्स तैयार करेगा।

1.5.2 बैठक में पेश किए जाने वाले सभी विषयों को क्रमांकित होना चाहिए।

1.5.3 जब तक लागू कानूनों में कुछ निर्दिष्ट नहीं किया गया हो, बैठक की कार्यसूची और कार्य–सूची के अनुसार विस्तृत नोट्स सभी सदस्यों को नोटिस के साथ ही देना होगा।

1.5.4 कार्य–सूची से जुड़े नोट्स वाली सामग्री में बैठक में चर्चा हेतु लाए जाने वाले विषयों का पूरा ब्योरा स्पष्ट करना होगा।

1.5.5 कार्य–सूची से जुड़े नोट्स नोटिस से अलग भी भेजे जा सकते हैं, लेकिन बैठक से कम से कम तीन दिन (क्लियर डेज) पहले उन्हें हर हाल में भेजना ही होगा।

1.5.6 ग्राम पंचायत की बैठक और इसकी कार्य–सूची व इससे जुड़े नोट्स सचिव या सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा भेजे जाएंगे। उनकी गैरमौजूदगी में पंचायत द्वारा अधिकृत सरपंच या किसी अन्य सदस्य को यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

1.5.7 पटवारी, तहसील स्तर के किसी अधिकारी या पंचायती राज संस्था से जुड़े किसी पदाधिकारी की उपस्थिति, अगर बैठक में आवश्यक हो तो एजेंडे और उससे जुड़े नोट्स उन्हें भी भेजने होंगे।

1.5.8 कार्य–सूची और इससे जुड़े नोट्स सरकार द्वारा उल्लिखित अधिकारियों को भी भेजने होंगे।

1.5.9 अगर बहुमत के साथ सदस्य कोई विशेष बैठक करने के लिए सहमत है, तो एजेंडा और उससे जुड़े नोट्स ऊपर उल्लिखित अवधि से भी कम समय में उपलब्ध करा सकते हैं। इस स्थिति में कार्य–सूची और इससे जुड़े नोट्स बैठक शुरू होने से 24 घंटे पहले भेजने होंगे।

(मानक एजेंडा वस्तुओं की सूची अनुलग्नक–बी में दी गई है)

1.6 कामकाज के लिए किसी अन्य विषय पर विचार

1.6.1 ग्राम पंचायत की बैठक में कार्य–सूची में शामिल किसी भी विषय के इलावा अन्य मामले पर विचार नहीं किया जाएगा।

1.6.2 ऐसा कोई भी विषय जो बैठक की कार्य–सूची में शामिल न हो उसे ग्राम पंचायत की अगली बैठक में शामिल किया जा सकता है और अगर वह मसला इतना महत्वपूर्ण है कि उस पर तत्काल चर्चा अनिवार्य हो जाए, तो विशेष बैठक भी बुलाई जा सकती है।

1.6.3 हालांकि तत्काल आधार पर चर्चा वाले विषय जो जन सरोकार से जुड़े हो उस पर सरपंच की अनुमति और ग्राम पंचायत के सदस्यों के बहुमत की सहमति के बाद ही विचार किया जा सकता है।

2. बैठक की आवृत्ति या संख्या

2.1 ग्राम पंचायत कामकाज की जरूरत के अनुसार बैठक करेगी।

2.2 लागू कानूनों के अंतर्गत अगर कोई व्यवस्था तय न हो तो ग्राम पंचायत को कम से कम महीने में एक बार जरूर बैठक करनी होगी।

3. कार्यसाधक संख्या (कोरम)

3.1 ग्राम पंचायत की बैठक के लिए कोरम

3.1.1 ग्राम पंचायत की किसी बैठक के लिए कोरम से तात्पर्य उस समय ग्राम पंचायत के सदस्यों की संख्या के बहुमत से या फिर लागू कानून के तहत सदस्यों की न्यूनतम निर्धारित संख्या से है।

3.1.2 पूरी बैठक के दौरान कोरम की मौजूदगी जरूरी होगी।

3.1.3 किसी भी अवस्था में अगर बैठक में आवश्यक कोरम उपस्थित न हो तो कामकाज के लिए शेष मुद्दों पर विचार नहीं किया जाएगा और लिखित कारणों के साथ उन्हें अगली बैठक के लिए लंबित कर दिया जाएगा।

3.2 गैर–संबद्ध सदस्यों का कोरम/अभिरुचि–हितों की उद्घोषणा

3.2.1 अगर किसी विषय से किसी सदस्य के हित संबंधित हैं तो वह न तो कोरम में शामिल किया जाएगा और न ही अपने हित से संबंधित विषय पर चर्चा या मतदान के दौरान उसमें भागीदारी कर पाएगा।

3.2.2 यदि कार्य–सूची के किसी विषय से सरपंच का हित संबंधित है तो उसे बैठक से पहले ही इसकी घोषणा करनी होगी और इस स्थिति में बैठक की अध्यक्षता छोड़कर यह दायित्व किसी ऐसे सदस्य को सौंपना होगा, जिसके हित उससे न जुड़े हुए हों।

3.2.3 यदि कार्य–सूची व इससे जुड़े नोट्स के जारी होने से पहले ही संबंधित हितों का खुलासा कर दिया जाता है तो कार्य–सूची में उस विषय के संदर्भ में ऐसी घोषणा को भी शामिल किया जाएगा।

3.2.4 किसी संबद्ध सदस्य द्वारा संबंधित हितों की घोषणा पर बैठक में विचार किया जाएगा और यह तथ्य कि वे उस विषय पर चर्चा/मतदान में शामिल नहीं थे, को मिनिट्स में दर्ज करना होगा।

3.3 कोरम की अनुपस्थिति में बैठक का स्थगन

3.3.1 अगर बैठक के निर्धारित समय पर सदस्यों का आवश्यक कोरम मौजूद नहीं है, तो सदस्य 30 मिनिट या कानून में उल्लिखित अवधि तक या बैठक में मौजूद सदस्यों द्वारा सहमति अवधि तक कोरम पूरा होने की प्रतीक्षा करेंगे और अगर इस अवधि में भी कोरम पूरा नहीं होता है तो बैठक अगले दिन उसी समय उसी जगह के लिए स्थगित हो जाएगी या अध्यक्ष और उसकी गैर–मौजूदगी में बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों द्वारा इसके लिए कोई और तिथि तय की जा सकती है।

3.3.2 यहां तक कि अगर स्थगित बैठक में भी कोरम पूरा नहीं होता, तो बैठक निरस्त मानी जाएगी।

3.3.3 अगर किसी बैठक में कोरम तो पूरा है, लेकिन कार्य–सूची में शामिल सभी विषयों पर समयाभाव के कारण चर्चा नहीं हो पाई हो तो बैठक को अगले दिन तक के लिए या भविष्य में किसी और तिथि तक के लिए स्थगित किया जा सकता है।

3.4 कोरम के इलावा अन्य कारणों से बैठक का स्थगन

3.4.1 सदस्यों के बहुमत की सहमति के साथ सरपंच ग्राम पंचायत की वैध रूप से आयोजित बैठक को स्थगित कर सकता है।

3.4.2 ऐसे स्थगन के पीछे तथ्य और कारणों को बैठक की कार्यवाही में दर्ज किया जाएगा।

3.4.3 यदि ग्राम पंचायत या सरकार द्वारा स्थगन की कोई प्रक्रिया अनुमोदित हो, तो उस प्रक्रिया का अनुपालन करना होगा।

4. बैठक में उपस्थिति

4.1 उपस्थिति

4.1.1 प्रत्येक ग्राम पंचायत को ग्राम पंचायत की बैठकों में उपस्थिति के लिए अलग से एक रजिस्टर बनाना होगा।

4.1.2 उपस्थिति पंजिका या रजिस्टर में बैठक की क्रम संख्या एवं तिथि, बैठक का स्थान, सदस्यों, सचिव या निमंत्रण द्वारा बैठक में भाग लेने वाले व्यक्ति के नाम एवं हस्ताक्षर दर्ज किये जायेंगें।

4.1.3 उपस्थिति पंजिका या रजिस्टर को ग्राम पंचायत कार्यालय या ग्राम पंचायत द्वारा अधिकृत किसी अन्य जगह पर रखा जाएगा।

4.1.4 जांच के लिए उपस्थिति पंजिका या रजिस्टर सदस्यों द्वारा निरीक्षण के लिए खुला होना चाहिए।

4.1.5 उपस्थिति पंजिका या रजिस्टर में प्रविष्टियों को सचिव या सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाएगा।

4.1.6 उपस्थिति पंजिका या रजिस्टर, सचिव या सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति की निगरानी में रखी जाएगी।

4.1.7 उपस्थिति पंजिका या रजिस्टर को अंतिम प्रविष्टि की तिथि से कम से कम पांच वर्षों या सरकार द्वारा निर्धारित अवधि के लिए सहेज कर रखना होगा।

4.1.8 उपस्थिति पंजिका या पंचायत का कोई भी अन्य रिकॉर्ड या दस्तावेज सरकार द्वारा स्वीकृत नीति के इलावा नष्ट नहीं किया जाएगा।

(उपस्थिति पंजिका या रजिस्टर का प्रारूप अनुलग्नक–सी में दिया गया है)

4.2 अनुपस्थिति का अवकाश

4.2.1 किसी सदस्य को अनुपस्थित रहने के लिए तभी अवकाश दिया जा सकता है जब सचिव या सरपंच को इसके लिए ऐसा अनुरोध मिला हो।

4.2.2 अवकाश के आवेदन के लिए सदस्य को उन कारणों का उल्लेख करना होगा, जिनके चलते वह बैठक में भाग लेने में असमर्थ है।

5. बैठक में एजेंडे का पढ़ना

सरपंच या सचिव बैठक में कार्य–सूची (एजेंडे) को पढ़कर सुनाएगा। बैठक में चर्चा और मतदान से पहले सभी विषयों, उनके लक्ष्य, आवश्यकता और निहितार्थ की व्याख्या भी सरपंच या सचिव द्वारा की जाएगी।

6. बैठक के मिनिट्स

6.1 मिनिट्स की रिकॉर्डिंग

6.1.1 प्रत्येक बैठक की कार्यवाही को सचिव द्वारा मिनिट्स बुक में दर्ज किया जाएगा।

6.1.2 बैठक में लिए गए फैसलों का सारांश चर्चा के तुरंत बाद बैठक में ही पढ़ा जाएगा और उसके अनुसार ही मिनिट्स बुक में दर्ज होगा।

6.1.3 मिनिट्स सरल भाषा और संक्षेप में लिखे जाएंगे। मिनिट्स में बैठक कार्यवाही का सही सारांश समाविष्ट करना होगा जिसमें अग्रलिखित तत्व शामिल होंगेः

- मिनिट्स की शुरुआत में, क्रम संख्या, बैठक की श्रेणी, तिथि, दिन, स्थान और बैठक की शुरूआत का समय दर्ज करना होगा। साथ ही बैठक की समाप्ति का समय भी मिनिट्स के अंत में दर्ज करना होगा।
- मिनिट्स में बैठक में उपस्थित सदस्यों के नाम के साथ ही सचिव और आमंत्रित लोगों के नाम भी दर्ज करने होंगे।
- अगर कोई बैठक कम समय के नोटिस पर आयोजित हुई हो तो मिनिट्स में उसके कारणों का उल्लेख करना होगा।
- अगर किसी मसले पर किसी सदस्य ने असहमति दृष्टिकोण व्यक्त किया हो तो मिनिट्स में असहमति नाम के साथ दर्ज किया जाएगा।

6.1.4 अगर ग्राम पंचायत की बैठक में कोई दस्तावेज,

रिपोर्ट या नोट्स सामने आता है और मिनिट्स में उसका संदर्भ दिया जाता है तो सचिव या बैठक के पीठासीन अधिकारी को उस दस्तावेज, रिपोर्ट या नोट्स को संक्षिप्त हस्ताक्षर करके चिह्नित करना होगा।

6.2 मिनिट्स का रखरखाव

6.2.1 मिनिट्स के रखरखाव की जिम्मेदारी सचिव की होगी।

6.2.2 ग्राम पंचायत और उसकी स्थायी समितियों की बैठक के लिए अलग–अलग मिनिट्स बुक बनानी होगी।

6.2.3 मिनिट्स राज्य की आधिकारिक/स्थानीय भाषा में ही दर्ज किए जाएंगे।

6.2.4 मिनिट्स बुक की पृष्ठ संख्या को लगातार क्रम दिया जाएगा।

6.2.5 मिनिट्स को मिनिट्स बुक में चिपकाया या संलग्न नहीं किया जाएगा तथा मिनिट्स बुक में किसी भी तरीके से छेड़छाड़ स्वीकार्य नहीं होगी।

(मिनिट्स बुक का एक नमूना प्रारूप अनुलग्नक–डी में दिया गया है)

6.3 प्रस्तावों/निर्णयों में संशोधन या निरस्त्रीकरण

6.3.1 ग्राम पंचायत के किसी भी प्रस्ताव को ऐसे ही संशोधित या निरस्त नहीं किया जा सकता। इसके लिए लागू कानूनों के तहत ग्राम पंचायत के सदस्यों की एक निश्चित संख्या के बहुमत द्वारा संकल्प पारित करना होगा।

6.3.2 अगर सरकार ने ऐसे संशोधनों या निरस्त्रीकरण के लिए कोई विशेष समय सीमा निर्धारित की हुई है, तो इस समूची प्रक्रिया को उसी अवधि में ही संपादित करना होगा।

6.4 मिनिट्स पर हस्ताक्षर

6.4.1 ग्राम पंचायत की बैठक के मिनिट्स उस बैठक या अगली बैठक के पीठासीन अधिकारी द्वारा तारीख के साथ हस्ताक्षरित होंगे।

6.4.2 हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति को मिनिट्स के प्रत्येक पेज पर संक्षिप्त हस्ताक्षर और अंतिम पेज पर पूर्ण हस्ताक्षर करने होंगे।

6.4.3 मिनिट्स पर हस्ताक्षर की तारीख और स्थान का भी अंतिम पेज पर उल्लेख करना होगा।

6.4.4 एक बार मिनिट्स बुक में प्रविष्टि के बाद मिनिट्स में फेरबदल नहीं किया जाएगा। अगर कोई परिवर्तन करना भी है तो ग्राम पंचायत की अगली बैठक में उसकी स्वीकृति के बाद ही संभव है और परिवर्तन का ब्योरा उस बैठक के मिनिट्स में दर्ज करना होगा।

6.5 मिनिट्स का निरीक्षण

ग्राम पंचायत और उसकी स्थायी समितियों की बैठक के मिनिट्स की जांच ग्राम पंचायत के कार्यालय में आकर कोई भी व्यक्ति कर सकता है और किसी के द्वारा उनकी प्रति मांगे जाने के अनुरोध पर लागू कानूनों के तहत उसे उसकी प्रमाणित प्रति दी जा सकती है।

6.6 मिनिट्स का संरक्षण

6.6.1 मिनिट्स बुक सचिव की निगरानी या इस उद्देश्य के लिए सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति के संरक्षण में रहेगी।

6.6.2 सभी बैठकों के मिनिट्स भौतिक एवं इलेक्ट्रॉनिक रूप में स्थायी रूप से सहेजकर रखने होंगे।

6.6.3 मिनिट्स बुक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर रखी जाएगी।

7. रिकॉर्ड्स का रखरखाव

ग्राम पंचायतों की बैठकों से जुड़े हुए सभी रिकॉर्ड्स और दस्तावेज राज्य की आधिकारिक या स्थानीय भाषा में रखे जाएंगे।

8. सचिव के कार्य

ग्राम पंचायत के सचिव से अग्रलिखित कार्य अपेक्षित हैः

- पंचायत की बैठकों में लिए गए फैसलों को निष्पादित और लागू करने के लिए जरूरी कदम उठाना।
- संबंधित पंचायत क्षेत्र से जुड़े लोगों को फैसलों के बारे में सूचित करना।
- ग्राम पंचायत और उसकी समितियों की बैठकें आयोजित कराना।
- ग्राम पंचायत, उसकी स्थायी समिति और ग्राम सभा की प्रत्येक बैठक में उपस्थित होना।
- प्रत्येक बैठक की कार्यवाही को भौतिक या इलेक्ट्रॉनिक रूप में मिनिट्स बुक में दर्ज करना।

- उसके द्वारा प्राप्त सभी पत्राचार, विशेषकर विभिन्न सरकारी योजनाओं और दिशानिर्देशों से सरपंच को अवगत कराना और बैठक के दौरान सभी सदस्यों को सूचना देना।
- ग्राम पंचायत की ओर से सभी पत्राचार प्राप्त करना और उन पर उचित कदम उठाना।
- सरपंच या उसकी अनुपस्थिति में उप–सरपंच के साथ परामर्श कर प्रत्येक बैठक के लिए कार्य–सूची और नोट्स तैयार करना।
- लागू कानूनों के तहत सभी रजिस्टर और रिकॉर्ड संभालना।
- खंड विकास अधिकारी यानी बीडीओ को सरपंच, उप–सरपंच या किसी अन्य सदस्य के स्तर पर किसी भी रिक्तता की सूचना से अवगत कराना।
- पंचायत कोष, परिसंपत्तियों और ग्राम पंचायत द्वारा संभालकर रखे दस्तावेजों की उचित सुरक्षा को लेकर जवाबदेह होना।
- अगर उसकी जानकारी में यह बात आए कि सरपंच, उप–सरपंच या किसी अन्य सदस्य द्वारा शक्तियों का दुरुपयोग कर कानून का उल्लंघन किया जा रहा है या किसी और तरह की संदिग्ध अवैध गतिविधि उसकी नजर में आती है, तो खंड विकास अधिकारी को जल्द से जल्द इसकी जानकारी देना।
- सरकार द्वारा समय–समय पर जारी होने वाले निर्देशों के अनुसार काम करना।
- ग्राम पंचायत के चुने हुए जनप्रतिनिधियों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखना।

अनुलग्नक–ए

ग्राम पंचायत की ..... बैठक के लिए नोटिस

(पंचायत का नाम एवं खंड और जिला)

तारीख :

सेवा में,

सदस्य का नाम एवं पता

महोदया/महोदय

आपको सूचित किया जाता है ..... (पंचायत का नाम) ..... बैठक ..... (दिन एवं तिथि) को ..... (समय) से ..... (इस स्थान) निर्धारित की गई है जिसमें निम्न विषयों पर चर्चा होगीः

(i) .....

(ii) .....

(iii) .....

(iv) .....

विस्तृत कार्यसूची और इसके नोट्स संलग्न हैं।

आपसे अनुरोध किया जाता है कि कृपया बैठक में भाग लें।

भवदीय

(हस्ताक्षर)

(सचिव या प्राधिकृत अधिकारी का नाम)

अनुलग्नक–बी

एजेंडा आइटम की मानक सूची

बैठक के एजेंडे में ये अग्रलिखित विषय अपरिहार्य रूप से शामिल होंगे :

- अनुपस्थिति के लिए अवकाश प्रदान करना
- पिछली बैठक के मिनिट्स का संज्ञान लेना
- पुरानी बैठकों के निर्णयों पर कार्यवाही रिपोर्ट (एटीआर) और समीक्षा करना
- स्थायी समिति की बैठकों के मिनिट्स का संज्ञान लेना
- ग्राम पंचायत के बजट और वार्षिक योजना क्रियान्वयन/उपयोगिता की स्वीकृति/समवर्ती समीक्षा
- आय एवं व्यय का लेखा–जोखा और अगर किसी कारण से वित्तीय दस्तावेज में कुछ अंतर है तो उसके कारण बताना
- नए काम और योजनाओं की स्वीकृति
- विभिन्न योजनाओं के तहत कोष की उपयोगिता की समीक्षा
- निर्माण कार्य, अन्य परियोजनाओं और गतिविधियों की भौतिक प्रगति की समीक्षा
- ग्रामीण स्वच्छता, स्ट्रीट लाइटिंग, ग्रामीण सड़कें, पेयजल, आंगनबाड़ी, उचित मूल्य दुकानों, स्कूल इमारतों की देखभाल, स्वास्थ्य केंद्र, इत्यादि की समीक्षा
- कोई भी अन्य मामला

अनुलग्नक–सी

सदस्यों की उपस्थिति रजिस्टर

(ग्राम पंचायत का नाम) (खंड) (जिला)

बैठक की क्रम संख्या एवं तिथिः

स्थानः

समयः

बैठक की श्रेणी (सामान्य, विशेष या आपात)

क्रम संख्या	उपस्थित सदस्य का नाम	वार्ड नंबर	हस्ताक्षर या अंगूठा–निशान (थंब इंप्रेशन)	आने का समय	जाने का समय	सरपंच या सचिव द्वारा प्रमाणित अंगूठा–निशान (थंब इंप्रेशन में)
1)						
2)						
3)						
4)						
5)						
6)						
7)						
8)						
9)						
10)						
11)						
12)						

अनुलग्नक–डी

ग्राम पंचायत की बैठक की मिनिट्स बुक

(ग्राम पंचायत का नाम) (खंड) (जिला)

बैठक की क्रम संख्या एवं तिथि

स्थानः

समयः

बैठक की श्रेणी (सामान्य, आपात या विशेष रूप से बुलाई बैठक)

उपस्थित सदस्य

क्रम संख्या	**नाम**	**पद**	**किस वार्ड के प्रतिनिधि**
(i)			
(ii)			
(iii)			
(iv)			
(v)			
(vi)			

मिनिट्स/कार्यवाही का रिकॉर्ड

प्रथम विषय या आइटम नंबर 1

.....

.....

विषय पर चर्चाः

निर्णयः

दूसरा विषय या आइटम नंबर 2

.....

.....

विषय पर चर्चाः

निर्णयः

तीसरा विषय या आइटम नंबर 3

.....

.....

विषय पर चर्चाः

निर्णयः

चौथा विषय या आइटम नंबर 4

.....

.....

विषय पर चर्चाः

निर्णयः

अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक ..... बजे संपन्न हुई

.....

(हस्ताक्षर)

तिथिः **/.../.....** **(सरपंच/पीठासीन प्राधिकारी)**

स्थान : .....